**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में चन्द्रयान–3 के चन्द्रमा पर लैंडिंग का सीधा प्रसारण

पन्तनगर। 23 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय के गांधी हाल में भारत के चन्द्रयान–3 की चन्द्रमा पर लैंडिंग के सीधे प्रसारण की संचार निदेशालय द्वारा आज गांधी हाल में व्यवस्था की गयी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अधिष्ठाता एवं निदेशकगण, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थियों द्वारा चन्द्रयान–3 के चन्द्रमा पर लैंडिंग के ऐतिहासिक क्षण को उत्साहपूर्वक देखा गया। सभी उपस्थित ने प्रधानमंत्री के ओजस्वी संबोधन को हर्षोंल्लास से सुना जिसमें उन्होंने इसरों के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए आगे के अन्य लक्ष्यों के बारे में बताया तथा भारत को शीघ्र ही एक विकसित राष्ट्र होने की सम्भावना व्यक्त की। उन्होंने एक पुरानी कहावत 'चंदा मामा दूर के' को इस उपलब्धि के परिप्रेक्ष्य में 'चंदा मामा टूर के' द्वारा अपने भावों को व्यक्त किया। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत करने और हार के बाद जीत की क्या खुशी होती है, को भी अपने उद्बोधन में प्रकट किया। विद्यार्थियों एवं सभी उपस्थित ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर तालियाँ बजाकर भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपनी खुशी को व्यक्त किया। इसी क्रम में कृषि महाविद्यालय, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय, गृह विज्ञान महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं कर्मियों द्वारा भी चन्द्रयान–3 के चन्द्रमा पर लैंडिंग को जोश के साथ देखा।




*विश्वविद्यालय में कुलपति, विद्यार्थी एवं परिसरवासियों ने चन्द्रयान–3 की लैंडिंग के सीधे प्रसारण को देखा।*

**निदेशक संचार**